हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 वनांचल की 35 आदिवासी महिलाएं बनेंगी पीरियड...

14 मंडव्य ऋषि आश्रम में साहित्य और लोककला...




## खबर संक्षेप

### जनक ध्रुव का जन्मदिन आज मिलेगी पेयजल टैंकर की सौगात

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के जन्मदिन के अवसर पर 31 मई दिन रविवार को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके



समर्थकों द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव ने बताया की विधायक जनक ध्रुव के जन्मदिन पर आज क्षेत्र की जनता के लिए विधायक मद से पेयजल सप्लाई टैंकर का मैनपुर नगर में उद्घाटन किया जायेगा और केक काटकर तथा मिष्ठान वितरण कर जन्मदिन मनाई जायेगी। उन्होने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा स्थित एफसीआई गोदाम के सामने पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भारत सिंह ध्रुव निवासी दाबपाली ने बताया कि वह 27 मई को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 8562 से निजी कार्य के लिए बागबाहरा आ रहा था, दोपहर करीब 03.30 बजे एनएच 353 रोड एफसीआई गोदाम के सामने पीछे से आ रहे पिकअप उसकी बाइक को ठोकर मार दिया। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

**हादसा :** नवापारा-आरंग मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, क्रेन से बहाल कराया रास्ता

# पिकअप से हुई टक्कर, धान लोडेड ट्रक पलटने से बचा, चालक कैबिन में फंसा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-आरंग मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम कोलियारी के पास एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक अज्ञात वाहन को ओवरटेक करने के चक्कर में धान से भरे ट्रक और सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भीषण हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जौदा धान संग्रहण केंद्र से धान लोड करके राइस मिल की ओर जा रहा था। इसी दौरान कोलियारी हनुमान एग्रो के पास सामने से आ रही पिकअप के चालक ने अपने आगे चल रहे एक अज्ञात वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। रफ्तार तेज होने के कारण पिकअप सीधे सामने से आ रहे धान से भरे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए, वहीं धान से भरा ट्रक भी सड़क पर पलटने से बाल-बाल बचा।



### मौके पर मची अफरा-तफरी, 112 की टीम ने पहुंचाया अस्पताल

दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई और अंचल में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भिड़ंत में पिकअप चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं और वह केबिन में फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और त्वरित उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया।

### ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर की मांग

हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्रेन बुलाई और बीच सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हुए दोनों वाहनों को किनारे करवाकर यातायात को सुचारू रूप से बहाल कराया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नवापारा-आरंग रोड पर चालकों द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाने और गलत तरीके से ओवरटेक करने के कारण आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस संवेदनशील मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल स्पीड ब्रेकर (गति अवरोधक) बनाए जाएं और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध परिवहन व कालाबाजारी 603 बोरी खाद बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रशासन द्वारा उर्वरक के अवैध परिवहन, कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी रोकने तथा किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि चंदन रॉय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक कृषि एवं उर्वरक निरीक्षक अनिल कौशिक द्वारा 29 मई को विकासखण्ड फिंगेश्वर एवं छुरा के 11 उर्वरक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा 265 बोरी खाद के विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए 603 बोरी खाद जब्त करने की कार्यवाही की गई। किसानों से अपील की गई है कि वे उर्वरक केवल अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित दर पर खरीदें तथा पक्का बिल अवश्य लें। अधिक कीमत पर बिक्री या अनियमितता की सूचना संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति अथवा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष 9977106777, 7987535588 पर दें। खाद वितरण व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है तथा किसानों को समय पर आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### करकरा में मतदान 1 जून को, शुष्क दिवस घोषित

**गरियाबंद।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के अंतर्गत जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत करकरा में सरपंच के 01 रिक्त पद के लिए 01 जून 2026 को उप निर्वाचन होना है। उप चुनाव नियत होने के कारण निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बीएस उइके ने मतदान क्षेत्र की सीमा से लगे 02 किलोमीटर की दूरी पर खड़मा के विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व शराब दुकान बंद करने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान शुष्क दिवस में किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण, आधिपत्य परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिए है। साथ ही शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।


















संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने पद्मश्री दम्पति डा. गोडबोले का किया सम्मान

**रायपुर।** पद्मश्री दम्पति डाक्टर रामचंद गोडबोले और सुनीता गोडबोले से शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने मुलाकात की। कलेक्टर ने उनका शॉल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। साथ ही शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोग हमारे प्रदेश के गौरव है।गौरतलब है कि गत दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री दम्पति डॉ रामचंद गोडबोले और श्रीमती सुनीता गोडबोले पद्मश्री से सम्मानित किया था। उन्होंने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बस्तर के बारसूर जैसे दूरस्थ एवं दुर्गम वनांचल में रहकर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित लोगों तक निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता और जनविश्वास का प्रकाश पहुँचाया।

कुपोषण मुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और ग्रामीण-जनजातीय समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना विकसित करने में उनका योगदान अत्यंत अनुकरणीय और प्रेरणादायी रहा है।

### वार्ड 26 में विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 2 अंतर्गत दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक-26 में शुक्रवार को कई विकास कार्यों की सौगात दी गई। इसके तहत लगभग 50 लाख रुपए के स्वीकृत नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, साथ ही लगभग 75 लाख के नए विकास कार्य पूर्ण होने पर उनका लोकार्पण किया। महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत, सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने स्वीकृत विकास कार्य के लिए पूजा और कूदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, दानवीर भामाशाह वार्ड पार्षद रामहीन कुर्रे सहित बड़ी संख्या अन्य लोग उपस्थित रहे।

### उत्कर्ष योजना के तहत 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**महासमुंद।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग आयुक्त के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

**प्रशिक्षण :** उदंती–सीतानदी के जंगलों से उठी बदलाव की नई आवाज, पीरियड सखियाँ' बनेंगी जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य जागरूकता की मजबूत कड़ी

# वनांचल की 35 आदिवासी महिलाएं बनेंगी पीरियड सखी, मासिक धर्म का मिथक तोड़ेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- उदंती रिजर्व में दो दिवसीय गहन मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की प्राकृतिक वादियों में 'प्रोजेक्ट मुक्ति' के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय गहन मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (एमएचएम) प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिन उत्साह, जागरूकता और प्रेरणा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूरस्थ वनांचल क्षेत्रें से आई 35 जनजातीय महिला नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया, जिन्हें 'पीरियड सखियाँ' के रूप में तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण में कमार गोंड़, भुंजिया, बिंझवार, मुरिया, धुर्वा और उरांव समुदायों की महिलाएँ शामिल हुईं। इन महिलाओं का उद्देश्य अपने–अपने गांवों में जाकर मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम का आयोजन ऐसे क्षेत्रों को ध्यान में रखकर किया गया है, जहाँ आज भी स्वास्थ्य सुविधाएँ सीमित हैं, कई गांव घने जंगलों के बीच बसे हुए हैं और मासिक धर्म जैसे विषयों पर खुलकर बात करना सामाजिक रूप से कठिन माना जाता है। जागरूकता और संसाधनों की कमी के कारण ग्रामीण एवं जनजातीय महिलाओं को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



**जनजातीय महिलाओं में दिखा उत्साह**

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और कई सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। प्रतिभागियों ने कहा कि पहले वे मासिक धर्म से जुड़े विषयों पर बात करने में संकोच महसूस करती थी, लेकिन अब वे अपने गांवों में जाकर अन्य महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने के लिए आत्मविश्वास महसूस कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम जनजातीय क्षेत्रें में महिलाओं के स्वास्थ्य सुधारने के साथ–साथ सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

**मिथकों को तोड़ने और जागरूकता बढ़ाने पर जोर-** प्रशिक्षण के पहले दिन विशेषज्ञों ने मासिक धर्म से जुड़े मिथकों, गलत धारणाओं और सामाजिक वर्जनाओं पर खुलकर चर्चा की। महिलाओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ मासिक धर्म प्रबंधन, संक्रमण से बचाव, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य तथा महिलाओं की गरिमा और स्वास्थ्य अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह बात प्रमुखता से सामने आई कि दूरस्थ आदिवासी इलाकों में स्थायी बदलाव तब ही संभव है, जब स्थानीय महिलाएँ स्वयं नेतृत्व की भूमिका निभाएं। इसी उद्देश्य से 'पीरियड सखी' मॉडल तैयार किया गया है, ताकि समुदाय की महिलाएं ही स्वास्थ्य शिक्षिका और जागरूकता दूत बनकर अन्य महिलाओ एवं किशोरियो तक सही जानकारी पहुंचा सके।

**कई संस्थाओं का सहयोग-** यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व एवं जिला प्रशासन गरियाबंद और धमतरी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के संचालन में अस्तित्व वेलनेस, अर्थ ब्रिगेड फाउंडेशन, खोज तथा जन जागृति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'प्रोजेक्ट मुक्ति' केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि वंचित जनजातीय समुदायों में मासिक धर्म स्वास्थ्य समानता, जागरूकता और महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करने की दिशा में चलाया जा रहा एक सामाजिक अभियान बनता जा रहा है। जंगलों और दूरस्थ गांवों से निकली ये 'पीरियड सखियाँ'अब अपने समुदायों में बदलाव की नई मिसाल बनेंगी।

# डॉक्टरों की कमी, पाण्डुका पीएचसी का घेराव कर जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जल संसाधन विभाग परिसर में हुए हादसे में एक स्थानीय युवक की करंट से मौत और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका में समय पर डॉक्टर न मिलने को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और डॉक्टरों की भारी कमी से आक्रोशित होकर शनिवार को भारी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पाण्डुका अस्पताल का घेराव कर दिया और जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग गरियाबंद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अंचल के लोगों को बेहतर और आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर भाजपा और कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता शनिवार को ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आए। अस्पताल परिसर में प्रदर्शन के दौरान दोनों ही प्रमुख दलों के नेताओं ने क्षेत्र की चरमराई चिकित्सा व्यवस्था पर तीखा प्रहार किया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से गौरव मिश्रा, शैलेन्द्र साहू, गजेंद्र साहू, सतीश चौरे, वेदांत साहू, हरीश पटेल, भोला तारक सहित भारी संख्या में अंचल के ग्रामीण मौजूद रहे, जिन्होंने अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया।





**ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ फूटा गुस्सा-** प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि लापरवाह मुख्य ठेकेदार और पेटी कांट्रेक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, क्षेत्र की जनता का यह शांतिपूर्ण विरोध अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है।

**मुआवजा और डॉक्टर नहीं मिले, तो करेंगे चक्काजाम : गौतम**

भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा की अगुवाई में युवाओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ ने अस्पताल परिसर को घेरकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए गौतम शर्मा ने पीड़ित पटेल परिवार को ढांढस बंधाया और प्रशासन को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा अगर समय रहते इस इकलौते युवक को पाण्डुका अस्पताल में ही प्राथमिक इलाज मिल गया होता, तो आज वह जीवित रहता। यदि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिला, जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की गई और पाण्डुका अस्पताल में स्थाई रूप से एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई, तो बहुत जल्द उग्र आंदोलन और चक्काजाम किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

# जिले की प्रभारी सचिव संगीता ने किया बिहान रसोई व चौपाटी का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले की प्रभारी सचिव आर. संगीता ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिहान रसोई एवं बिहान चौपाटी का औचक निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने बिहान रसोई के संचालन, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य सामग्री के रख-रखाव तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने भोजन तैयार करने की प्रक्रिया, रसोई परिसर की साफ-सफाई तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी सचिव संगीता ने बिहान रसोई के सफल संचालन के लिए स्व-सहायता समूह की दीदियों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं को अपने कार्यों का और अधिक विस्तार करने, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने तथा स्वरोजगार आधारित गतिविधियों को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बिहान रसोई केवल भोजन उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक विकास का एक प्रभावी मॉडल है। इससे समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि हो रही है तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने समूह की महिलाओं को गुणवत्ता, स्वच्छता और सेवा भावना को बनाए रखते हुए कार्य करने की सलाह दी। प्रभारी सचिव ने बिहान चौपाटी का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं और गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, महिला समूहों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर क्लस्टर पदाधिकारी, बैंक मित्र, एफएलसीआरपी, बिहान समूह की दीदियां, क्लस्टर संगठन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**5 से 21 जून तक चलेगा महा जनसंपर्क अभियान**

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे, भाजपा कार्यालय में जुटी दिग्गजों की टोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून से 21 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला मे प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल चंद्राकर, राजिम विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, गोवर्धन सिंह मांझी, डमरूधर पुजारी के उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, संगठनात्मक गतिविधियों एवं विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अमित चिमनानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाएंगे। अभियान के अंतर्गत जनसंवाद, मीडिया संवाद, विकास कार्यों का अवलोकन, लाभार्थी संपर्क, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, योग कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशालाएं एवं विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर आमजन, प्रबुद्धजनों एवं लाभार्थियों से संपर्क करेंगे।



### इनकी रही विशेष उपस्थिति

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, भागीरथी मांझी जिला उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, पदुलोचन जगत केशरी ध्रुव, गुरुनारायण तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, भाजपा मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, प्रवक्ता शिवांगी चतुर्वेदी, जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य लेखराज धुर्वा नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, मिलेश्वरी साहू, डॉ. मनीष सिन्हा, नरोत्तम साहू, रितेश यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, शीतला पांडेय, मंडल अध्यक्षगण जगमोहन पटेल, मंजुलता हरित, सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, रिकेश साहू, भगवानो बेहरा नवीन मांझी सहित जिला पदाधिकारी मंडल मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अब मोबाइल ऐप से होगी खाद की बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- कृषकों एवं विक्रेताओं को दिया गया प्रशिक्षण

खरीफ वर्ष 2026 में गरियाबंद जिले को भारत सरकार की फर्टिलाइजर सेल एप्लीकेशन सिस्टम (एफएसएएस) पायलट परियोजना में शामिल किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य उर्वरक वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं किसान हितैषी बनाना है। इसके माध्यम से किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण संबंधी जानकारी डिजिटल माध्यम से प्राप्त होगी तथा उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। परियोजना के तहत किसान अब मोबाइल एप फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के माध्यम से सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं से उर्वरकों की बुकिंग एवं खरीदी कर सकेंगे। यह व्यवस्था किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के साथ-साथ वितरण प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएगी। एफएसएएस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूर्ण किया जा चुका है। कृषि विभाग के कार्यालय में 30 मई 2026 को उर्वरक विक्रेताओं एवं कृषकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में विकासखंड गरियाबंद एवं छुरा के कृषकों के साथ-साथ निजी उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एफएसएएस प्रणाली की कार्यप्रणाली, मोबाइल एप के उपयोग, उर्वरक बुकिंग प्रक्रिया तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के विभिन्न फीचर्स की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर एवं सहायक संचालक कृषि अनिल कौशिक ने मोबाइल एप के संचालन संबंधी सभी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को एप के माध्यम से पंजीयन, उर्वरक बुकिंग, उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने तथा अन्य सुविधाओं के उपयोग की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था से किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में अधिक सुविधा होगी तथा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। कृषि विभाग ने बताया कि जिले में इस पायलट परियोजना के माध्यम से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### टाउन हॉल में सेवानिवृत्त 68 कर्मचारी हुए सम्मानित

**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित टाउन हॉल में शुक्रवार को कलेक्टर गौरव सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह हुआ। इसमें सेवानिवृत्त होने वाले 68 शासकीय कर्मचारियों को श्रीफल, शॉल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कलेक्टर ने सम्मानित किया, साथ ही सभी कर्मचारी को सभी सत्वों का तत्काल भुगतान किया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में स्कूल शिक्षा विभाग से 21, स्वास्थ्य विभाग से 3, राजस्व विभाग से 2, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से 2, जल संसाधन विभाग से 11, उच्च शिक्षा विभाग के 7, पशुधन विकास विभाग से 2, वन विभाग से 3, लोक निर्माण विभाग से 2, जेल विभाग से 3, उद्यानिकी विभाग से 1, संस्कृति विभाग से 1 शामिल है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### राज्यसभा सांसद ने तुलसीराम नायक को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने तुलसीराम नायक के निधन पर बोरियाखुर्द जानकीनगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। परंपरानुसार उनकी पत्नी ललिता से मुलाकात की। सांसद ने स्व. तुलसी की पत्नी ललिता नायक, बेटे रोहित और निखिल को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ हैं और हरसंभव मदद करेंगी। इस अवसर परिवारजन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों को 6 लाख का निशुल्क लाइफ इंश्योरेंस कवर

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शासन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। इसके तहत एनएचएम के उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिनका वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में संचालित है उन्हें 6 लाख का निःशुल्क लाइफ टर्म इंश्योरेंस कवर उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा कवर सामान्य मृत्यु की स्थिति में प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस व्यवस्था के लिए राज्य सरकार या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। साथ ही, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित समस्त सुविधाएं कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

### तुलसी नगर सुविधाओं का अभाव, जोन कमिश्नर को ज्ञापन



**रायपुर।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक-2 के आयुक्त को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में तुलसी नगर में लंबित गंभीर और बुनियादी समस्याओं के त्वरित निराकरण की पुरजोर मांग की गई है। जिला पदाधिकारियों ने बताया कि तुलसी नगर के रहवासी पानी और साफ-सफाई की घोर अव्यवस्था से बुरी तरह त्रस्त हैं। स्थानीय पार्षद को कई बार अवगत कराने के बावजूद जब कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई, तो उन्होंने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नाग एवं उपाध्यक्ष ऋचा वर्मा ने निगम प्रशासन से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए तुरंत नई पाइपलाइन की मंजूरी दी जाए, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा नालियों की नियमित सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए जाएं।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएमएचओ कार्यालय के स्टाफ ने ली शपथ



**रायपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व सीएमएचओ कार्यालय रायपुर में तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जागरूकता संदेशों के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। साथ ही तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ग्रहण की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई।

# भाजपा का अब घर-घर चलो अभियान, सीएम सहित सभी मंत्री और बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के 5 जून से लेकर 21 जून तक लगातार कई कार्यक्रम होंगे। इसको लेकर लगातार जिलों की बैठकें भी हो रही हैं। पखवाड़ेभर के कार्यक्रमों में सबसे बड़ा कार्यक्रम घर-घर चलो अभियान रहेगा। यह अभियान नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे होने पर रहेगा।

इसमें 12 साल विश्वास के, जनकल्याण विकास के स्लोगन के साथ अभियान चलेगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, विधायक, सांसद, सारे जन प्रतिनिधि और भाजपा के छोटे-बड़े नेता शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जून माह के लिए जो आयोजन तय किए हैं उसमें सबसे बड़ा आयोजन केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने का है। इसमें घर-घर चलो अभियान रहेगा। इस अभियान में हर राज्य के भाजपा के जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता शामिल होंगे। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां पर मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल, विधायक भी आयोजन में शामिल होंगे। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है तो यहां पर सरकार के सभी मंत्री आयोजन का हिस्सा बनेंगे। आयोजन से पहले प्रदेश संगठन जिलों में बैठक करके तय कर रहा है कि क्या-क्या आयोजन कब होंगे।

### बताएंगे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं

घर-घर चलो अभियान में प्रदेश के सभी घरों तक भाजपा नेताओं के पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। इसमें घरों तक पहुंचकर भाजपा नेता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और जानने का प्रयास करेंगे कि इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है नहीं मिल रहा है। किसी कारणवश किसी को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा होगा तो उनको योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया जाएगा। इसके पीछे का एक बड़ा मकसद अगले साल और 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव भी हैं। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही किसी भी क्षेत्र में किसी के घर में दस्तक देंगे। इसी तरह से प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री भी आम जनता के घरों तक जाएंगे और उनसे संवाद करेंगे।

### 5 जून से 21 जून तक लगातार होंगे कार्यक्रम





#### पर्यावरण और योग दिवस पर भी आयोजन

सबसे पहले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश भर में इसको लेकर आयोजन किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। इसी के साथ 21 जून को योग दिवस पर भी बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर पर आयोजन होगा। इसमें भी मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के सभी नेता शामिल होंगे। कुल मिलाकर 5 से 21 तक लगातार आयोजन होंगे, जो केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी के 12 साल पूरे होने का हिस्सा रहेंगे।

## जिला पंचायतों को मिलने वाली राशि प्रभावित क्षेत्र में ही खर्च होगी

# गौण खनिज राजस्व बंटवारे में बड़ा बदलाव, पंचायतों को मिलने वाली राशि के वितरण का नया फार्मूला लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ सरकार ने गौण खनिजों से प्राप्त रॉयल्टी राजस्व के पंचायतों में वितरण और उसके उपयोग को लेकर नई व्यवस्था लागू कर दी है। खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब गौण खनिजों से प्राप्त राजस्व का एक हिस्सा सीधे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा, जबकि शेष राशि का बंटवारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के बीच निर्धारित स्लैब के आधार पर किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने 10 अक्टूबर 2012 को जारी पुराने आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह नई व्यवस्था लागू की है। आदेश के मुताबिक छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत पूर्ववत वित्तीय वर्ष में गौण खनिजों से प्राप्त कुल राजस्व का 33 प्रतिशत हिस्सा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दिया जाएगा। इसके बाद शेष 67 प्रतिशत राशि का वितरण संबंधित पंचायत संस्थाओं के बीच किया जाएगा।

### अब इस हिसाब से होगा राशि का बंटवारा

नई व्यवस्था के तहत जिन क्षेत्रों में गौण खनिज से प्राप्त राशि 7.50 लाख रुपये तक होगी, वहां पूरी राशि ग्राम पंचायत को मिलेगी। 7.50 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 80 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 10-10 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। इसी प्रकार 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की राशि में ग्राम पंचायत को 70 प्रतिशत और जनपद व जिला पंचायत को 15-15 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। 25 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक की राशि पर ग्राम पंचायत का हिस्सा 60 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत का हिस्सा 20-20 प्रतिशत रहेगा। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि होने पर ग्राम पंचायत को 50 प्रतिशत तथा जनपद और जिला पंचायत को 25-25 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा।

### स्कूलों, अस्पतालों और श्मशान घाटों पर खर्च की अनुमति

सरकार ने पंचायतों को मिलने वाली राशि के उपयोग के लिए कुछ नए कार्य भी शामिल किए हैं। अब इस राशि से स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओवरहेड टैंक सहित रनिंग वाटर की सुविधा विकसित की जा सकेगी। सामुदायिक शौचालयों में पानी की व्यवस्था, मुक्तिधाम निर्माण एवं संधारण, वहां तक पहुंच मार्ग का निर्माण तथा वाचनालयों की स्थापना जैसे कार्य भी इस मद से किए जा सकेंगे।

### खदान प्रभावित इलाकों में ही खर्च होगी जिला पंचायत की राशि

नई नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिला पंचायत को मिलने वाली राशि का उपयोग केवल उन्हीं क्षेत्रों के विकास कार्यों में किया जाएगा जहां खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इसके लिए क्षेत्र खनन स्थल से 15 किलोमीटर की परिधि के भीतर होना चाहिए और वहां खनन के प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे हों। इससे खदान प्रभावित गांवों और बस्तियों को सीधे लाभ मिलने की उम्मीद है।

### 2022-23 से लागू मानी जाएगी नई व्यवस्था

आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 और उससे पूर्व की अवधि में वितरित राशि का उपयोग पुराने आदेश के अनुसार ही किया जाएगा। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 और उसके बाद प्राप्त होने वाली गौण खनिज राजस्व राशि का वितरण और व्यय नई व्यवस्था के तहत किया जाएगा। पुराने आदेश के अन्य प्रावधान यथावत बने रहेंगे। खनिज साधन विभाग का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को लेकर लगातार मांग उठती रही है। नई व्यवस्था के जरिए सरकार ने राजस्व के उपयोग को अधिक लक्षित बनाते हुए खदान प्रभावित क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाने की कोशिश की है।

## कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने ली। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

विजय जांगिड़ ने कहा, कांग्रेस पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठन की एकजुटता में निहित है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता की समस्याओं को उठाने तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा, कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं गरीब वर्ग की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के माध्यम से जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा को और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, वर्तमान समय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जनता भाजपा की नीतियों से परेशान है और कांग्रेस कार्यकर्ता जनसमस्याओं को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, जिला कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाते रहेंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएंगे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बैज बोले- कोल खदान के लिए पेड़ काटने का विरोध करती है कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा केते एक्सटेंशन कोल परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। यह कोयला खदान जहां खोली जा रही है, वह हसदेव अरण्य क्षेत्र में आता है, जहां 1742 हेक्टेयर सघन वन है। इस कोयला खदान के लिए 7 लाख से अधिक पेड़ों को काटा जाएगा। खदान तो राजस्थान विद्युत मंडल को मिली है, लेकिन इसकी खुदाई का ठेका अडानी के पास है। एक बार फिर छत्तीसगढ़ के वनों की बलि चढ़ाई जाएगी। कांग्रेस इसकी निंदा करती है। हम यहां पर एक भी पेड़ काटने का विरोध करते हैं।

श्री बैज ने कहा, पानी मांगने पर भाजपा पार्षद ने हत्या कर दी। प्रदेश में पेयजल की समस्या कितनी ज्यादा गंभीर हो गई है कि इसका भयावह एक उदाहरण राजधानी से लगे मंदिर हसौद में देखने को मिला। यहां पर पानी नहीं पहुंचने की शिकायत भाजपा पार्षद को इतनी नागवार गुजरी कि उसने फरियादी नागरिक की हत्या कर लाश रेत में दफन कर दी। श्री बैज ने कहा, सरकार दुर्भावनापूर्वक जनगणना के वास्तविक आंकड़े बदलवा रही है। सरकार जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों द्वारा एकत्रित किए गए वास्तविक तथ्यों में फेरबदल करवाने के लिए दबाव डाल रही है। श्री बैज ने कहा, भाजपा सरकार द्वारा मीसा बंदियों के परिजनों को पेंशन देने का साय सरकार के निर्णय का कांग्रेस विरोध करती है।

## एक्सप्रेस वे में अवैध मार्ग खोलने को लेकर थाने पहुंचे कांग्रेसी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेसी शुक्रवार को पंडरी सिटी सेंटर मॉल के लिए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोले जाने एवं शासन के नियमों की अवहेलना करने वाले पीडब्ल्यू अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने देवेन्द्र नगर थाना पहुंचे। श्री उपाध्याय ने बताया, रायपुर स्थित एक्सप्रेस-वे के निर्माण के समय शासन द्वारा स्पष्ट रूप से यह नियम निर्धारित किया गया था कि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर किसी भी प्रकार का नया मार्ग अथवा कट नहीं खोला जाएगा, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण दुर्घटनाओं एवं यातायात अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। 05.12.2017 को जारी शासन के नोटिफिकेशन में भी इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि एक्सप्रेस-वे से लगी भूमि पर किसी भी प्रकार का नया रास्ता नहीं बनाया जाएगा। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमों एवं तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए एक्सप्रेस-वे के सामने अवैध रूप से मार्ग खोल दिया गया है। उक्त मार्ग खोले जाने से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक बढ़ गई है, क्योंकि एक्सप्रेस-वे पर वाहन तेज गति से संचालित होते हैं। साथ ही, इससे यातायात बाधित होने एवं जाम की स्थिति निर्मित होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया है। इसलिए उक्त मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारियों एवं अन्य दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## 43 डिग्री के पार पहुंचा पारा, फ्रिज में रखा दूध भी हो रहा खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





नौतपा के छठवा दिन आज तेज धुप व गर्मी के साथ दिन का तापमान 43 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। वनांचल क्षेत्र में भी सुबह से तेज धूप और सूर्य क तीखे तेवर गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, लोग उमश भरी गर्मी पसीना की चिपचिपी के चलते परेशान हो गए हैं, सीजन में पहली बार मैनपुर का अधिकतम तापमान लगभग आज 43 डिग्री के करीब पहुंचा तो लोगों को लगा कि जैसे गर्मी में जान ही निकल जाएगी, दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों के मुश्किल में डाल रखा है। गर्मी व उमस इतनी ज्यादा कि फ्रिज में रखा हुआ दूध भी खराब होने लगा है। जैसे दोपहर के 12 बजे हो सुबह 11 बजे ही तापमान 40 डिग्री को पार गया था दोपहर 2 बजे मैनपुर का तापमान 40 डिग्री के ऊपर पहुंच गया तो अबतक के सर्वाधिक तापमान है। भीषण गर्मी में भी मैनपुर क्षेत्र के लोग न तो रात को चैन से सो पा रहे हैं और न ही दिन में आराम कर पा रहे हैं कारण बिजली विभाग की लचर व्यवस्था है। मैनपुर सहित पूरे विकासखंड क्षेत्र में किसी भी समय बिजली के बंद हो जाने से और घंटों बिजली नहीं आने से लोग इस गर्मी में परेशान हो गए हैं। भीषण गर्मी में लू से बचने के लिए दादी मां के नुस्खे से लेकर मड़िया पेज, बोरे बासी का उपयोग ज्यादा किया जा रहा है। बताया जाता है मड़िया पेज और बोरे बासी शरीर को ठंडक प्रदान करता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में लोग अपने जेब में प्याज लेकर भी चल रहे है। पंखा, कूलर से राहत नहीं मिल रही है इसलिए लोग गर्मी से बचने तरह-तरह के उपाय कर रहे है।

## कृषि विभाग ने जारी किया नया आदेश , रासायनिक खाद को लेकर किसान हैं परेशान

# रासायनिक खाद की किल्लत के बीच जैव उर्वरकों पर सरकार का जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की तैयारी के बीच एक ओर किसान रासायनिक खाद की उपलब्धता को लेकर परेशान हैं, वहीं राज्य सरकार ने हरी खाद और जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई अनुदान व्यवस्था लागू की है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने कृषक समग्र विकास योजना के तहत हरी खाद एवं जैव उर्वरक वितरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान देने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर किसानों की निर्भरता कम करना, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना और कृषि लागत में कमी लाना है। हालांकि यह निर्णय ऐसे समय आया है जब प्रदेश के कई जिलों में किसान सहकारी समितियों के माध्यम से रासायनिक खाद नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं।

### किसानों को 50 फीसदी अनुदान की नई व्यवस्था



#### खाद संकट और ई-टोकन व्यवस्था से बढ़ी मुश्किलें

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के अनेक जिलों में डीएपी और अन्य रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसानों में असंतोष देखा जा रहा है। कई स्थानों पर किसानों को समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था भी किसानों के लिए नई परेशानी बनकर उभरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि तकनीकी जानकारी और इंटरनेट सुविधाओं की कमी के कारण ई-टोकन प्राप्त करना आसान नहीं है। कई किसानों को खाद लेने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि बुवाई का समय नजदीक आ रहा है।

### दो एकड़ तक के किसानों को मिलेगा लाभ

कृषि विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी वर्गों के किसानों को अधिकतम दो एकड़ तक इस योजना का लाभ मिलेगा। बीज निगम अथवा अन्य मान्यता प्राप्त प्रदायक संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले हरी खाद के बीज और जैव उर्वरकों की कीमत का 50 प्रतिशत हिस्सा सरकार अनुदान के रूप में देगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि किसानों को स्वयं वहन करनी होगी। यह अनुदान जिला उप संचालक कृषि के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### मिट्टी की सेहत सुधारने पर फोकस

सरकार के अनुसार योजना का उद्देश्य समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देना, मिट्टी की जैविक, भौतिक और रासायनिक संरचना में सुधार करना, जलधारण क्षमता बढ़ाना तथा सूक्ष्म जीवों की सक्रियता को प्रोत्साहित करना है। विभाग का मानना है कि इससे रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण लगेगा और किसानों की उत्पादन लागत कम होगी।

### चुनौती रासायनिक खाद की उपलब्धता

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जैव उर्वरकों और हरी खाद को बढ़ावा देना दीर्घकालिक दृष्टि से सकारात्मक कदम है, लेकिन वर्तमान समय में किसानों की सबसे बड़ी चिंता रासायनिक खाद की समय पर उपलब्धता बनी हुई है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती यह होगी कि वह एक तरफ टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे और दूसरी तरफ खरीफ सीजन के दौरान किसानों को आवश्यक रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित करे।













संकलनकर्ता: शेख हसन खान, संवाददाता मैनपुर, मो. 9179680573, 6260553176

**खबर संक्षेप**

### किसान फसल को सस्ते दामो में बेचने को मजबूर : पुष्पा साहू



**राजिम।** जनपद के पूर्व अध्यक्ष पुष्पा साहू ने कहा कि एक तरफ खाद की भारी कमी, और दूसरी तरफ खाद और दवाइयों की आसमान छूती कीमतें। किसान सुबह 4 बजे उठकर लाइन में लगता है, लेकिन खाद की बोरी नहीं मिलती। कई जगह किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। कहा कि जो किसान पूरे देश का पेट भरता है? डीएपी, यूरिया, पोटाश-हर चीज महंगी हो गई। कीटनाशक दवाइयों के दाम इतने बढ़ गए कि छोटे किसान की कमर टूट चुकी है। बीज महंगा, डीजल महंगा, बिजली महंगी, दवाई महंगी लेकिन किसान की फसल का दाम आज भी सस्ता! 1500 क्विंटल में बेचना पड़ता है। आज किसान खेती नहीं, मानो कर्ज उगाने को मजबूर हो गया है। खाद नहीं मिले तो फसल खराब, दवाई नहीं डाले तो बीमारी का खतरा, और अगर मौसम बिगड़ जाए तो पूरी मेहनत बर्बाद।

### खिलाड़ियों ने अनेक पदक जीता

**महासमुंद।** स्थानीय मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं दिव्या रंगारी, योजना रंगारी, राइमा दास, पलक पंचबुद्धे, स्वाती यादव ने बास्केटबॉल चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान बनाते हुए गोल्ड सिल्वर और ब्रॉन्ज अनेक पदक अपने नाम किए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर विशेष स्थान बनाने पर इन छात्राओं का चयन अन्तरराष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप मलेशिया के लिए चयनित हुए हैं, जहां अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने के साथ नगर का नाम भी विश्व पटल पर अंकित किया हैं। इन खिलाड़ी बच्चों की प्रतिभा को निखारने जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक जिला क्रीडा अधिकारी अंजलि बरमाल द्वारा उन्हें खेल छात्रवृत्ति के अंतर्गत संस्था की प्राचार्य विमला सागर को छात्राओं के लिए दस–दस हजार रुपए की चेक प्रदान करते हुए कहा कि ये होनहार खिलाड़ी बच्चे क्षेत्र और प्रदेश के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

### तेलीबांधा तालाब हमारी पहचान, विरासत और गौरव का प्रतीकः तुषार

महासमुंद। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने रायपुर नगर निगम व छत्तीसगढ़ शासन से विशेष मांग करते हुए कहा कि तेलीबांधा तालाब का इतिहास तैलिक वंशी साहू समाज की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक योगदान से गहराई से जुड़ा हुआ है। इसी पावन स्थल पर साहू समाज द्वारा प्रतिवर्ष हरेली उत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों समाजजन सम्मिलित होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं का उत्सव मनाते हैं। तुषार ने कहा कि हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में पूर्व में भक्त माता कर्मा चौक एवं तेलीबांधा तालाब परिसर में भक्त माता कर्मा की प्रतिमा स्थापना की मांग समाज की ओर से प्रमुखता से रखी जा चुकी है।

### डीएलएड परीक्षा का उड़नदस्ता टीम ने किया निरीक्षण

**सरायपाली।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र का उड़नदस्ता टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। आयोजित डीएलएड परीक्षा की निष्पक्षता और व्यवस्था को जांचने के उद्देश्य से निरीक्षण किया गया। टीम में मुख्य रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल एवं बीआरसी देवानंद नायक तथा सविता साहू शामिल थे। उड़नदस्ता टीम ने केंद्र में पहुंचकर चल रही परीक्षा की सुरक्षा, बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। केंद्र में दर्ज कुल 100 विद्यार्थियों में से 99 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित पाए गए। जबकि, 1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान केंद्र के केंद्राध्यक्ष दिलीप कुमार नायक, सहायक केंद्राध्यक्ष मनोज पटेल एवं लिपिक कुलदीप सतपथी की उपस्थिति में उड़नदस्ता टीम ने केंद्र की पारदर्शी और व्यवस्थित परीक्षा संचालन प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

**बैठक : राज्यपाल ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा की**

# गोद ग्राम बिजली में बनेगा वाटर हार्वेस्टिंग का रोडमैप, डबरियों का होगा जीर्णोद्धार : रमन डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में वीडियों क्रॉफेसिंग के माध्यम से गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, जल संरक्षण, पौधा रोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक खेती, टीबी उन्मूलन, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि विकास कार्यों के बेहतर परिणाम के लिए अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करना चाहिए और योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी रखनी चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने पर बल दिया। इस अवसर पर बैठक में कलेक्टर बी. एस उइके, पुलिस अधिक्षक वेदव्रत सिरमौर, उदंती-सीतानदी के उपनिदेशक वरूण जैन, जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

■ जनभागीदारी से जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को मिलेगी नई गति

राज्यपाल ने गोद ग्राम बिजली में जल संरक्षण को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से सभी शासकीय भवनों तथा प्रधानमंत्री आवासों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जाए। इसके लिए विस्तृत रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में पुराने डबरियों, चेक डैमों एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण और मरम्मत को प्राथमिकता देने को कहा। साथ ही बड़े किसानों को खेतों में डबरी निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने तथा छोटे एवं मध्यम किसानों को भी जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने रेत के अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने तथा वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित खनन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे नदियों की प्राकृतिक स्थिति में सुधार होगा और भूजल स्तर बढ़ाने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, संस्थानों एवं रिहायशी क्षेत्रों में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

**किसानों की आय में वृद्धि होगी-** बैठक में जैविक एवं प्राकृतिक खेती की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने किसानों को प्राकृतिक खेती और हाइड्रोपोनिक्स खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने प्राकृतिक खेती से उत्पादित वस्तुओं में वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और लोगों को रसायनमुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। उन्होंने धान के साथ-साथ उद्यानिकी एवं रबी फसलों को भी प्रोत्साहन देने पर बल दिया। राज्यपाल ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में पायलट प्रोजेक्ट संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की जानकारी लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल दिया। उन्होंने मुक्तिधामों को सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त करने तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नवाचारों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। वेस्ट मटेरियल के बेहतर उपयोग के लिए नवीन मॉडल विकसित करने पर भी जोर दिया।

#### शिक्षा में सुधार और रेड क्रॉस अभियान



राज्यपाल ने जिले में कार्यरत लखपति दीदियों की गतिविधियों की जानकारी ली और उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदीयों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मल्टीपल डिजीज से पीड़ित लोगों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। विशेष पिछड़ी जनजातियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी उन्होंने दिए। राज्यपाल ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई, रेंडम जांच तथा नशामुक्ति केंद्रों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को समन्वित प्रयास करने होंगे। राज्यपाल ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्रामों में बिजली, पानी, सड़क तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इन समुदायों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में राज्यपाल ने रेड क्रॉस की सदस्यता अभियान को व्यापक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस के माध्यम से रक्तदान शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# विधायक रोहित साहू ने दिया सरगी नाला पुल से मुरमुरा तक सड़क निर्माण का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा




क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से सरगी नाला लोहरसी पुल से मुरमुरा झरझरा माता पहुंच मार्ग तक सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। इस संबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर सड़क निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बारिश के दिनों में सड़क खराब होने के कारण श्रद्धालुओं, किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग झरझरा माता मंदिर पहुंचने का प्रमुख रास्ता होने के कारण धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक रोहित साहू ने सकारात्मक पहल करते हुए सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरगी नाला लोहरसी पुल से मुरमुरा झरझरा माता पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी, ताकि लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। विधायक के आश्वासन से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा और वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा श्रद्धालुओं और किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

#### पीएम मोदी के मन की बात अवश्य सुने : रोहित साहू



राजिम। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का प्रसारण आज रविवार 31 मई को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की आम जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अपने-अपने बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल एवं जिला कार्यालयों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सुनने की अपील की है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि /"मन की बात/" कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणादायक विचारों, नवाचार, जनभागीदारी, सामाजिक सरोकारों एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न आयामों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की प्रेरक कहानियों को साझा कर समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता एवं नागरिक को इस कार्यक्रम से जुड़कर प्रधानमंत्री के विचारों को सुनना चाहिए तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। विधायक ने सभी भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताअरं से अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया।

# खाद संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका





पांडुका अंचल के किसानों ने शनिवार लगभग 10 बजे अपने 6 बिंदुओं की मांग को लेकर चारों धाम चौक पाण्डुका में चक्का जाम किया किसानों की प्रमुख मांगो में, 1 क्षेत्र के सभी सहकारी समितियां में खाद्य की पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए 2 किसानों को समय पर उचित मूल्य पर खाद वितरण किया जाए। 3 खाद के कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। 4 किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए सरल एवं पारदर्शी व्यवस्था किया जाए। 5 जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद उपलब्ध कराया जाए। 6 खाद संकट को दूर करने होते विशेष आपूर्ति अभियान चलाए जाए, इस तरह इन 6 मांगो को लेकर अंचल के किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम पर यह ज्ञापन नायब तहसीलदार छुरा को सौंपा गया जिस पर नायब तहसीलदार छुरा डोनेश्वर साहू ने किसानों का आवेदन स्वीकार करते हुयें 7 दिनों की मोहलत मांगे और कलेक्टर गरियाबंद को जानकारी देने की बात कही है। साथ ही कलेक्टर गरियाबंद, जिला कृषि अधिकारी संबंधी सहकारी समिति आदि सूचना प्रेषित किया गया है। 2 घंटे तक चली इस चक्का जाम में सड़क के दोनों और गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई थी। किसानों के तेवर गरम थे। सड़क के दोनों ओर गाड़िया खड़ी थी लोग हलकान और परेशान होते रहे 2 घंटे बाद जब चक्का जाम खुला तब आम राहगीरों ने राहत की सांस ली बता दे अंचल के किसान इन दिनों खाद्य संकट को लेकर किसानों में आक्रोश है और प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री का पुतला दहन, सहित जिला कलेक्टर गरियाबंद की घेराव की चेतावनी दी है। साथ ही धमतरी जिला में पर्याप्त मात्र में खाद मिल रहा है जबकि गरियाबंद में खाद की किल्लत क्यों है। पाण्डुका अंचल के सैकड़ों किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर इस चक्का जाम का समर्थन किया।

■ पांडुका के चारों धाम चौक पर 2 घंटे तक चक्काजाम, गाड़ियों की लगी लंबी कतारें

## सुंदरकांड मंदिर समिति आज करेगी 20 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**नवापारा-राजिम।** श्री दक्षिणमुखी सुंदरकांड मंदिर समिति द्वारा आज रविवार को कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगर के 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। नगर स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरकारी अस्पताल के पास शाम 5 बजे आयोजित है। सम्मानित होने वाले छात्रो में कक्षा 12वीं के देवकुमार दुबे 96.00%, गरिमा सोनकर 95.00%, कुसुम टंडन 95.00% / कक्षा 10वीं लावण्या अग्रवाल 96.08%, चंचल देवांगन 95.83%, अभिनव साहू 95.00% शामिल है। मालूम हो कि इनके साथ ही नगर के विभिन्न विद्यालयों के अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों और प्राचार्यो द्वारा स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. राजेन्द्र गदिया, डॉ. तेजेन्द्र साहू, डॉ. पुनीत गोस्वामी, महेश लालवानी, उमाशंकर देवांगन, बभ्रुवाहन देवांगन, अंजू पारख, ब्रह्मदत्त शर्मा, केशव सोनकर, नंदकुमार कंसारी, दुष्यंत तारक, राकेश सोनी, सेवानिवृत्त फौजी, प्रमुख विद्यालयों के प्राचार्य भी शामिल होंगे। समिति प्रमुख द्रोण सिंह ठाकुर ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में पहुंचकर इन होनहार विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें।

## झरियाबाहरा में नई पुलिस जांच चौकी बनकर तैयार, अपराधों पर लगेगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग मे झरियाबाहरा के पास नया पुलिस चौकी का निर्माण किया गया है। लंबे समय से यहां पुलिस जॉच चौकी की मांग किया जा रहा था और 21 मई को गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके, पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर ने यहां स्थल चयन किया था साथ ही निरीक्षण भी किया था। ज्ञात हो कि यह तिरहा मार्ग मे पुलिस जॉच चौकी बेहद जरूरी था जहां एक ओर मैनपुर गरियाबंद रायपुर के साथ ही देवभोग ओड़िशा एवं धमतरी नगरी मार्ग को जोड़ती है। वहीं पुलिस को सबसे ज्यादा अवैध गांजा व अनैतिक कार्यों के आरोपियों को पकड़ने में झरियाबाहरा में भारी सफलता मिली है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की जॉच चौकी का निर्माण होने से इस मार्ग में दुर्घटनाएं भी कम होगी।




**सृजन लोक कला एवं साहित्य संस्था का स्थापना समारोह**

# मंडव्य ऋषि आश्रम में साहित्य और लोककला की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





सृजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद-धमतरी (छत्तीसगढ़) द्वारा शनिवार को मंडव्य ऋषि आश्रम (बाबा कुटी) में भव्य जन्मदिनोत्सव समारोह का आयोजन किया गया यह आयोजन साहित्य, संस्कृति, लोककला और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष प्रवीण साहू ,अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में साहू समाज राजिम क्षेत्र के सक्रिय समाजसेवी लाला राम साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु अंतरराष्ट्रीय कवि, समाजसेवी एवं पूर्व पंचायत इंस्पेक्टर नूतन लाल साहू 'नवीन' रहे जिनके जन्मदिन के अवसर पर यह आयोजन रखा गया। संस्था द्वारा उनके साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। समारोह में लोककला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी आकर्षक श्रृंखला रखी गई राष्ट्रीय स्तर के कलाकार काशीपुरी कुंदन, सुप्रसिद्ध गीतकार नीर अली नीर तथा युवा कवि संजय कबीर ओज अपनी रचनाओं एवं प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया । वहीं जय महतारी रामधुनी, पंडवानी पार्टी एवं जय मां सरस्वती रामधुनी जैसी लोक सांस्कृतिक मंडलियों की प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान प्रवीण साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, भुनेश्वर साहू, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति, संजय कबीर ओज, मीर अली मीर, कांशीपुरी कुंदन, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, नूतन साहू कवि, जगन्नाथ साहू, दीनदयाल साहू, सुनीति साहू, ठाकुर राम साहू, खेमिन साहू, संतोषी, ठाकुर राम साहू शेखर साहू, नंदी शर्मा, राजकुमार यादव, जागेश्वर साहू, सहित बड़ी संख्या में कलाकर, गीतकार और नूतन साहू के चाहने वालों की उपस्थिति रही।